झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शिकायत)–गिरिडीह / PDS –99 / 2021 – 843

प्रेषक,

**संजय कुमार,**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 16.10.2023

विषयः– **श्री शंकर पासवान, मुखिया सह प्रखण्ड अध्यक्ष, धनवार, पंचायत–भलुटाँड़, प्रखण्ड–धनवार, जिला–गिरिडीह से प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्री शंकर पासवान, मुखिया सह प्रखण्ड अध्यक्ष, धनवार, पंचायत–भलुटाँड़, प्रखण्ड–धनवार, जिला–गिरिडीह का आवेदन पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन पत्र में जन वितरण प्रणाली से संबंधित कुल–07 बिन्दुओं पर कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः प्राप्त आवेदन पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

16/10/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx534

**शंकर पासवान**
**मुखिया**
**सह मुखिया संघ प्रखण्ड अध्यक्ष**
**धनवार**
**ग्राम पंचायत– भलुटाँड़**
**प्रखण्ड–धनवार, जिला–गिरिडीह**
**(झारखण्ड)**

**आवास :**
**ग्राम–गोदोडीह, पो0–बरोटाँड़**
**थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह**
**(झारखण्ड), पिन कोड–825412**
**मो0 : 9934382579, 7488611822**


(237)

पत्रांक.65/23 दिनांक.23/09/2023.

155
9.10.23

सेवा में,

माननीय खाद्य आयोग राज्य अध्यक्ष

झारखंड सरकार रांची

विषय :- खाद आपूर्ति विभाग से संबंधित निम्नलिखित समस्याओं का निदान के संबंध में।

महाशय

निवेदन पूर्वक सूचित करना है की खाद आपूर्ति विभाग में लगातार कार्ड धारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जिस समस्या का सामना करना पड़ता है वो निम्नलिखित है।।

1. ग्रीन कार्ड धारियों को लगातार राशन नहीं मिल पा रहा है इन्हे भी P.H.कार्ड धारियों के तरह राशन उपलब्ध किए जाने का कष्ट किया जाए।

2. सतर्कता समिति के गठन के बाद भी जमीन पर उतारा नही गया है। इसपर उचित कार्य किया जाए।

3. सभी पंचायतों में जनवितरण को एक रजिस्टर निर्गत किया जाने का कष्ट किया जाए, जिसमे प्रत्येक महीना उस वितरण पंजी मैं स्थानीय मुखिया से प्रमाणित किया जाए।

4. सरकार के आदेश के बाद भी गोदाम से राशन बैकलॉग है, जिसमें सुधार करने की कृपा की जाए।

5. अभी भी हर राशन कार्ड में परिवार के सदस्य को नहीं जोड़ा गया है कृपया उसे भी जोड़ने की कृपा की जाए।

6. सभी तरह के राशन कार्ड धारियों को चीनी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

7. छूटे हुए लोगों का नया राशन कार्ड बनाने का कष्ट किया जाए।

Omkar Paswan
23/09/2023
Subhash yadav
Bhushan Sao
28/9/23